# आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड 4rth रैंक

30 अगस्त 2021 तक भारत में स्मार्ट सिटी रैंकिंग




भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) परिवीक्षाधीन-2018 और 2019 बैच का आगरा स्मार्ट सिटी आईसीसीसी और स्मार्ट स्वास्थ्य केंद्र का अध्ययन दौरा।

## स्मार्ट सिटी- खुदाई में यमुना किनारे मिले घाटों के अवशेष

स्मार्ट सिटी योजना के तहत ताजगंज क्षेत्र में 24 घंटे जलापूर्ति के लिए डाली जा रही 1200 एमएम की लाइन के लिए यमुना किनारे पर खुदाई की जा रही है। खुदाई के दौरान मिट्टी के नीचे दबे निर्माणों के अवशेष निकल रहे हैं। क्षेत्रीय लोग इससे बहुत प्रभावित हुए। उनका मानना है कि यह पुराने घाटों के अवशेष हैं। स्मार्ट सिटी को धन्यवाद दे रहे हैं। कि पानी की सुविधा तो मिलेगी ही । इसके साथ पुराने अवशेष भी निकल रहे हैं। जो कि आगरा के इतिहास को बयां करते हैं। यमुना किनारा वेदांत मंदिर से लेकर मोक्षधाम तक खुदाई में ये अवशेष मिले। पुरातत्व विभाग ने भी इस पर संज्ञान लिया है। अधिकारियों का कहना है कि यमुना किनारे मिले अवशेष 17- 18 शताब्दी के हो सकते हैं। यमुना रिवर कनेक्ट के पर्यावरणविद ब्रज खंडेलवाल का भी कहना है कि यमुना के अवशेष हो सकते हैं। इन्हें सहेजें। स्मार्ट सिटी का धन्यवाद कि खुदाई की तो ये धरोहर सामने आयीं।

## स्वंय सहायता समूहों की महिलाओं ने स्मार्ट राखियां की तैयार

स्मार्ट सिटी का माइक्रो स्किल डवलपमेंट प्रोजेक्ट ताजनगरी के ऐतिहासिक जरदोजी के काम के साथ-साथ हुनरमंदों को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार दे रहा है। साथ ही आर्थिक रुप से उन्हें मजबूत बना रहा है। इसी क्रम में ताजगंज के तेलीपाड़ा में चल रहे माइक्रो स्किल डवलपमेंट प्रोजेक्ट से जुड़ी हुनरमंदर महिलाओं ने रक्षाबंधन पर जरदोजी वर्क की आकर्षक और फैशनेबल राखियां बनायीं। बता दें कि स्मार्ट सिटी की ओर से इस क्षेत्र की महिलाओं को जरदोजी का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार मुहैया कराया गया है। प्रोजेक्ट से लगभग 1007 से अधिक महिलाएं जुड़ी है। जो स्वंय सहायता समूह के तहत काम कर रही हैं। ताजनगरी की मुगलकालीन जरदोजी देश-विदेश में प्रसि) है। महिलाओं ने 3500 राखियां बनायीं। जो कि आस-पास के शहरों में भेजी गई हैं। महिलाओं कहना है कि स्मार्ट सिटी के इस प्रोजेक्ट ने महिलाओं की जिंदगी खुशियों से भर दी।





स्मार्टसिटी कार्यालय स्वतंत्रा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मौजूद समस्त कर्मचारीगण

## गंगाजल पाइप लाइन के लिए स्मार्ट सिटी को धन्यवाद

स्मार्टसिटी के तहत पुरानी मंडी से ताजव्यू तक 1200 एमएम की लाइन बिछाई जा रही है। जिसके तहत जल्द ही ताजगंज वासियों को भी गंगाजल मिलने लगेगा। जनता उत्सुकता से गंगाजल आने का इंतजार कर रही है। वहीं जनमानस को परेशानी न हो इसे लेकर खुदाई के दौरान स्मार्टसिटी की ओर से पुरानी मंडी और पीएसी रोड को वन वे किया है। इससे गंगाजल पाइप लाइन भी डाली जाती रहेगी। साथ ही यातयात भी बाधित नहीं होगा। मैट्रा का काम चलने के कारण एलाइनमेंट को बदला गया है।



## स्ट्रीट वेडिंग जोन में अटक गया छावनी का रोड़ा

स्मार्ट सिटी की ओर से ओर से अमर होटल से स्ट्रीट वेडिंग जोन बनाया जा रहा था। लेकिन छावनी की आपत्ति के बाद काम रोकना पड़ा। यदि एनओसी मिलती है। तो स्मार्ट आगरा में भी लोग स्ट्रीट वेडिंग जोन का लुत्फ उठा पाएंगे। सीईओ निखिल टीकाराम फुंडे का कहना है कि आईएसबीटी की दुकानों का आवंटन किया जाएगा। इसके साथ ही स्ट्रीट वेडिंग जोन बनाने के लिए रक्षा संपदा विभाग के साथ वार्ता चल रही है।



## स्मार्ट सिटी में विकास कार्यो की समीक्षा

स्मार्ट सिटी कंपनी लिमिटेड की बोर्ड मीटिंग के दौरान मंडलायुक्त अमित कुमार ने विकास कार्यों को तय समय में गुणवत्ता के साथ करने का आदेश दिया। इसके बाद कंपनी का आय-व्यय ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सीईओ निखिल टीकाराम फुंडे ने कहा कि गंगाजल पाइप लाइन को लेकर एडीए से बातचीत की गई। इस अवसर पर स्मार्ट सिटी के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

# आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड 4rth रैंक

30 अगस्त 2021 तक भारत में स्मार्ट सिटी रैंकिंग



कंट्रोल कमांड रूम में पुलिस विभाग का प्रशिक्षण




स्मार्ट सिटी मिशन के डायरेक्टर राहुल कपूर को उपहार देते नगर आयुक्त निखिल टीकाराम फूण्डे

## टैगिंग के साथ लोगों को मिली राहत

डोर टू डोर कलेक्शन के तहत कूड़ा उठा कि नहीं इसकी जानकारी के लिए लगाए गये आईडंटिफिकेशन डिवाइस टैग अब और बेहतर रीके से काम काम कर रहे हैं। स्मार्ट सिटी की ओर से वार्ड वाइज लगातार मश्वनीटरिंग की जा रही है। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने बताया कि टैग लगाने के बाद स्माअर्ट सिटी की ओर से स्क्रीनिंग शुरू की गई। लगातार स्क्रीनिंग की जा रही है। लेकिन जिस कंपनी को नगर निगम ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की जिम्मेदारी सौंपी गई। वो पूरी नहीं हो पा रही है। अब उन जगहों को चिन्हित कर फिर से मश्वनीटरिंग का काम बेहतर किया जा रहा है। जिसके चलते वार्ड नं 62 और 88 में जिन घरों में टैग् हट गये थे। उनमें दुबारा से टैग लगाया जा रहा है। साथ ही 1700 से अधिक घरों में दुबारा से टैगिंग की है।





## स्मार्ट हैल्थ सेंटर की सुविधायें बेहतर-डीसी

नगर निगम परिसर स्थित स्मार्ट हेल्थ सेंटर का डीसी अमित कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहाँ बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। लेकिन आम जनता अभी भी इनकी पहुंच से दूर हैं। इसका प्रचार प्रसार करें। उन्होंने पैथोलॉजी से संबंधित जानकारिया ली। साथ ही कहा कि ये बेहतर प्रयास हैं। वही स्मार्ट हेल्थ सेंटर की ओर से चल रहे आई क्लिनिक एवम ओपीडी का निरीक्षण किया। उनका कहना था इससे आम जनता को ज्यादा से ज्यादा जोडें। डॉक्टर्स की तैनाती को लेकर कहा यदि डॉक्टर्स की कमी हैं। तो उनकी तैनाती की जाएगी। इस अवसर परं नगर आयुक्त निखिल टीकाराम फुंसी, अपर नगर आयुक्त, आलोक दिवेदी, आनंद मेनन आदि उपस्थित रहे।



स्मार्ट सिटी निदेशक राहुल कपूर के साथ स्मार्ट सिटी की टीम।



## स्मार्ट सिटी की हरियाली तीज

स्मार्ट सिटी कार्यालय में हरियाली तीजोत्सव मनाया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने महिला कर्मचारियों को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दी। कार्यालय में खुशनुमा माहौल रहा। महिला कर्मचारियों ने मेहंदी प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया। हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की सदस्यों ने मिलकर कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान अमिता चतुर्वेदी, सुखमीत, देबिना अग्रवाल, मिथिला,सुमन सुराना, प्रियंका सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

### विचार......

स्मार्ट सिटी ने बेहतर काम किया है। शहर को स्मार्ट के बनाने के साथ-साथ स्मार्टसिटी ने महिलाओं को एक बेहतर मंच दिया है। जिसमें न सिर्फ उनकी प्रतिभा को देश-विदेश में पहचाना है। बल्कि नारी सशक्तीकरण का बेहतर प्रयास किया है। महिलाओं का जरदोजी का काम फिल्पकार्ड तक पहुंचा है। इससे महिलाओं में एक आत्म विश्वास का संचार हुआ है। अब वो अशिक्षित नहीं बल्कि शिक्षित होने के साथ-साथ स्मार्ट वर्कर भी बन गयी हैं।

ललित कुमार गुप्ता